No. of Printed Pages/Questions: 2 /5

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test 1(Round-2) Set A (2024 – 2025)

Class / Section: XI **MM: 20**

Subject: Hindi **Time: 1:00 Hr**

Name: .---------- Roll No.:_____

सामान्य निर्देशः सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

प्र01. निम्नलिखित पद्यांश के प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए।

(1 x 5 = 5)

मनमोहनी प्रकृति की जो गोद में बसा है।

सुख स्वर्ग-सा जहाँ है, वह देश कौन-सा है ?

जिसके चरण निरंतर रत्नेश धो रहा है।

जिसका मुकुट हिमालय, वह देश कौन-सा है ?

नदियाँ जहाँ सुधा की धारा बहा रही हैं।

सींचा हुआ सलोना, वह देश कौन-सा है ?

जिसके बड़े रसीले, फल कंद, नाज, मेवे।

सब अंग में सजे हैं, वह देश कौन-सा है ?

जिसके सुगंध वाले, सुंदर प्रसून प्यारे।

दिन-रात हँस रहे हैं, वह देश कौन-सा है ?

मैदान, गिरि, वनों में, हरियालियाँ महकतीं।

आनंदमय जहाँ है, वह देश कौन-सा है?

जिसकी अनंत वन से धरती भरी पड़ी है।

संसार का शिरोमणि, वह देश कौन-सा है ?

सबसे प्रथम जगत में जो सभ्य था यशस्वी।

जगदीश का दुलारा, वह देश कौन-सा है?

(क) 'सुख स्वर्ग-सा जहाँ है, वह देश कौन सा है' पंक्ति में कौन सा अलंकार है ? (1)

(i) उपमा (ii) रूपक

(iii) विभावना (iv) श्लेष

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

(ख) नदियों के जल को किसके समान बताया गया है?

(ग) कवि ने देश का मुकुट हिमालय को क्यों कहा है ? (1)

(i) पर्वतों में सबसे कम महत्त्वपूर्ण होने के कारण

(ii) सर्वाधिक ऊँचा होकर मस्तक स्वरूप दिखाई देने के कारण

(iii) धरती से समानता न होने के कारण

(iv) प्राकृतिक सौंदर्य से विरक्त होने के कारण

(घ) दी गई सूची-I का सूची-II से सुमेलन कीजिए (1)

सूची-I	सूची-II
A. मनमोहनी	1. मन को भाने वाली
B. रत्नेश	2. सागर, समुद्र
C. जगदीश का दुलारा	3. ईश्वर को प्रिय

कूट

A B C	A B C
(i) 3 1 2	(ii) 1 3 2
(iii) 1 2 3	(iv) 2 1 3

प्र02 नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (2 x 2 = 4)

(क) . वॉचडॉग पत्रकारिता क्या है ?

(ख) पीत पत्रकारिता को स्पष्ट कीजिए।

(ग) पेज थ्री पत्रकारिता क्या है ?

प्र03 नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (2 x 2 = 4)

(क) मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती हैं ? वह रूप कैसा है ?

(ख) मीरा जगत् को देखकर रोती क्यों हैं ?

(ग) 'छांड़ि दयी कुल की कानि, कहा करिहै कोई?' प्रस्तुत पंक्ति से मीरा का क्या तात्पर्य है ?

प्र04 नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (2 x 2 = 4)

(क) मियाँ नसीरुद्दीन को नानबाइयों का मसीहा क्यों कहा गया है?

(ख) लेखिका मियाँ नसीरुद्दीन के पास क्यों गई थी ?

(ग) 'कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि उस काम को करने की भावना श्रेष्ठ होनी चाहिए' पंक्ति को पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्र05 नीचे दिए गए प्रश्नों में से किसी एकं प्रश्न के उत्तर लिखिए – (4)

(क) चित्रपट संगीत की लोकप्रियता का क्या कारण है ?

(ख) 'भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ : लता मंगेशकर' पाठ का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(ग) कुंई निर्माण से संबंधित निम्न शब्दों के बारे में जानकारी प्राप्त करें-पालरपानी, पातालपानी, रेजाणीपानी।